AGLASEM.COM

# Madhya Pradesh Board

# QUESTION PAPER



2023

Serial Number

Roll No. .....

aglasem.com

Total No. of Questions : 23

SET/सेट : B

Total No. of Printed Pages : 8

# J-501

## हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष - 2023
## High School Examination (Main) - 2023
## हिन्दी
## HINDI

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 75

निर्देश :

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(ii) प्रश्न क्रमांक **01 से 05** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक उपप्रश्न के लिए एक–एक अंक, कुल ५ अंक निर्धारित हैं ।

(iii) प्रश्न क्रमांक **06 से 17** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं । (शब्द सीमा लगभग **30** शब्द)

(iv) प्रश्न क्रमांक **18 से 20** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं । (शब्द सीमा लगभग 75 शब्द)

(v) प्रश्न क्रमांक **21 से 23** तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए चार–चार अंक निर्धारित हैं । (शब्द सीमा लगभग **120** शब्द)

P.T.O.





schools.aglasem.com

aglasem.com

1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

(i) बाल गोबिन भगत साहब मानते थे –

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास

(स) नागार्जुन (द) कबीर

(ii) वह धीरे-धीरे चलने लगा। इस वाक्य में क्रिया-विशेषण का भेद है

(अ) परिमाणवाचक (ब) रीतिवाचक

(स) स्थानवाचक (द) कालवाचक

(iii) बालक तारकेश्वरनाथ को उसके पिता टीका लगाते थे –

(अ) चंदन का (ब) रोली का

(स) भभूत का (द) कुमकुम का

(iv) रीतिकाल के कवि थे –

(अ) भूषण (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) जगमोहन सिंह (द) अज्ञेय

(v) तुलसीदास की रचना है –

(अ) सूरसागर (ब) झरना

(स) विनय पत्रिका (द) गीतिका

(vi) दसवें रस का नाम है –

(अ) श्रृंगार (ब) वीर

(स) भयानक (द) वात्सल्य



schools.aglasem.com

aglasem.com

2 रिक्त स्थान में सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×6=6

(i) संधि के _____ भेद होते हैं । (3 / 2 / 4)

(ii) हिमालय की तीसरी सबसे बड़ी चोटी _____ है । (एवरेस्ट / कंचन जंघा / माउंट एवरेस्ट)

(iii) सूरदास के _____ गुरु थे । (वल्लभाचार्य / परशुराम / रामदास)

(iv) चौपाई छंद की प्रत्येक पंक्ति में _____ मात्राएँ होती हैं । (11 / 16 / 21)

(v) प्रबंध काव्य के _____ भेद होते हैं । (3 / 5 / 2)

(vi) प्रतिमा बनाने वाले का नाम _____ था । (श्याममोहन / मोतीलाल / हालदार साहब)

3 सही जोड़ी मिलाकर लिखिए : 1×6=6

| [ क ] | [ ख ] |
|---|---|
| (i) गद्य की प्रमुख विधाएँ | (अ) जयशंकर प्रसाद |
| (ii) लखनवी अंदाज | (ब) मानवीकरण |
| (iii) अंधे की लाठी | (स) निबंध |
| (iv) मैं क्यों लिखता हूँ ? | (द) एक मात्र सहारा |
| (v) कामायनी | (इ) यशपाल |
| (vi) मानवी क्रियाओं का आरोप | (ई) अज्ञेय |
| | (उ) रेखाचित्र |
| | (ऊ) प्रेमचंद |

4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 1×6=6

(i) "एक अनार सौ बीमार" का अर्थ लिखिए ।

(ii) भोलेनाथ के पिताजी गंगा में आटे की कितनी गोलियाँ प्रवाहित करते थे ?

(iii) कवि निराला ने बादलों की तुलना किससे की है ?

(iv) रस के कितने अंग होते हैं ?

(v) गद्य की तीन गौण विधाएँ लिखिए ।

(vi) समास के कितने भेद होते हैं ?



schools.aglasem.com aglasem.com

5 सत्य / असत्य चयन कर लिखिए :

(i) जो जीता न जा सके उसे अजेय कहते हैं ।

(ii) प्रेयर व्हील को घुमाने से पाप नहीं धुलते हैं ।

(iii) हिरोशिमा में परमाणु बम गिरा था ।

(iv) मुख्य गायक के स्वर चट्टान जैसे भारी और गंभीर थे ।

(v) दोहा एक सममात्रिक छंद है ।

(vi) आदमी ने पहले पहल आग का आविष्कार किया था ।

6 'यशपाल' अथवा मन्नू भंडारी जी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं पर लिखिए :
(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा–शैली ।

7 सेनानी न होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?

**अथवा**

इस आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को भटियारखाना कहकर क्यों संबोधित किया है ?

8 शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है ?

**अथवा**

वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है ?

9 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :
(i) खून पसीना एक करना । 2
(ii) दाल न गलना ।

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए :

(i) पंचवटी

(ii) नीलाम्बर



schools.aglasem.com
aglasem.com

10 भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न हैं ? 2

**अथवा**

लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ?

11 प्रगतिवादी काव्य की प्रमुख दो विशेषताएँ लिखिए । 2

**अथवा**

रीतिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

12 सूरदास अथवा नागार्जुन की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं पर लिखिए : 2

(i) दो रचनाएँ (ii) भाव पक्ष ।

13 कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है ? 2

**अथवा**

परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए ?

14 कविता का शीर्षक उत्साह क्यों रखा गया है ? 2

**अथवा**

संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है ?



schools.aglasem.com
aglasem.com

15 खण्ड काव्य की दो विशेषताएँ लिखिए ।

**अथवा**

शृंगार रस किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए ।

16 चौपाई छंद को परिभाषित करते हुए उदाहरण सहित लिखिए ।

**अथवा**

अन्योक्ति अलंकार किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए ।

17 कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए ।

**अथवा**

रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए ।

18 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए :

मूर्ति संगमरमर की थी । टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँ
जिसे कहते हैं बस्ट । और सुंदर थी । नेताजी सुंदर लग रहे थे । कुछ-कुछ मासूम और कमसि
फौजी वर्दी में । मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो.....' वगैरह याद उ
लगते थे । इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था ।

**अथवा**

यह पितृ गाथा मैं इसलिए नहीं गा रही कि मुझे उनका गौरव-गान करना है, बल्कि मैं
तो यह देखना चाहती हूँ कि उनके व्यक्तित्व की कौन सी खूबी और खामियाँ मेरे व्यक्तित्व
के ताने-बाने में गुँथी हुई हैं या कि अनजाने अनचाहे किए उनके व्यवहार ने मेरे भीतर किन
ग्रंथियों को जन्म दे दिया ।



schools.aglasem.com
aglasem.com

19 'मीठी बोली का महत्व' विषय पर अनुच्छेद लिखिए । 3

अथवा

बढ़ती महंगाई के संबंध में ग्राहक और किराना दुकान के मालिक के मध्य संवाद लिखिए ।

20 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3

हमारैं हरि हारिल की लकरी ।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी ।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री ।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करूई ककरी ।
सु तौ व्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी ।
यह तौ 'सुर' तिनहिं लै सौंपों, जिनके मन चकरी ।

अथवा

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी;
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी ।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य मलिन उपहास ।

21 नगरपालिका अध्यक्ष को मोहल्ले की नियमित सफाई के संबंध में आवेदन पत्र लिखिए । 4

अथवा

अपने मित्र को अपने भाई की शादी में सम्मिलित होने के लिए पत्र लिखिए ।

22 निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध रूपरेखा सहित लिखिए : 4

(i) पर्यावरण प्रदूषण ।
(ii) वर्तमान समय में कम्प्यूटर की उपयोगिता ।
(iii) विज्ञान की प्रगति का मानव जीवन में महत्व ।
(iv) जीवन में खेलों का महत्व ।



schools.aglasem.com
aglasem.com

23 निम्नलिखित अपठित गद्यांश / काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+1+1½

कभी-कभी लक्ष्य बहुत दूर दिखाई देता है । संदेह होने लगता है कि इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे या नहीं । कई बार लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनेक प्रयास करने पर भी असफलता मिलती है । इससे मन में निराशा का भाव जागृत हो जाता है । निराशा से प्रसन्नता और शांति नष्ट हो जाती है । आशा उत्साहित करती है । निराशा का भाव अकेले नहीं आता । उसके साथ हीनता की भावना का जन्म होता है । असुरक्षा का भाव आता है, तनावों का बवंडर आ जाता है । मन उत्साहीन हो जाता है । मन में निराशा नहीं आशा को बसाना चाहिए । जो लोग जीवन में आशावादी रहते हैं वही विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य प्राप्ति में सक्षम हो सकते हैं।

**प्रश्न :–**

(i) गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ii) निराशा का भाव क्यों जागृत होता है ?

(iii) मन में आशा का भाव क्यों बनाए रखना चाहिए ?

**अथवा**

श्रम होता सबसे अमुल्य धन, सब जन खूब कमाते ।
सब अशंक रहते अभाव से, सब इच्छित सुख पाते ॥
राजा प्रजा नही कुछ होता, होते मात्र मनुज ही ।
भाग्य लेख होता न मनुज का, होता कर्मट भुज ही ॥

**प्रश्न :–**

(i) इस पद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ii) श्रम को कवि ने कैसा धन कहा है ?

(iii) 'राजा प्रजा नहीं कुछ होता' से कवि का क्या आशय है ?

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com